भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 07.11.2025

आरेडिका में गाया गया राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम्"

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में आज दिनांक–07.11.2025 को राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया।

सामूहिक गायन में आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों स्काउट एवं गाइड के सदस्यों सांस्कृति संगठनों के सदस्यों, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों, केन्दीय विद्यालय, एवं ज्ञानदा बाल मन्दिर के बच्चों सहित शिक्षकों एवं शिक्षकाओं सहभागिता की।

स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा जिला आयुक्त स्काउट एनके वर्मा के नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस मनाया गया एवं राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम्" का गायन किया।

ज्ञात हो कि 7 नवम्बर 1875 को बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने मातृ भूमि की वन्दना के लिए संस्कृत मिश्रित बांग्ला भाषा में "वन्दे मातरम्" की रचना की। सन1882 में यह गीत उनके बांग्ला उपन्यास "आनंदमठ" में शामिल हुआ। सन 1896 में कॉग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में यह पहली बार गाया गया। इसके उपरान्त यह गीत देश के स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए प्रेरणा बन गया। देश की आजादी में इसके योगदान को देखते हुए 24 जनवरी 1950 को "वन्दे मातरम्" को राष्ट्रीय गीत का सम्मान प्रदान किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशानत कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम्" देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाला गीत था जिसने भारत वर्ष को राष्ट्र रूपी माला में पिरोकर एकता और अखण्डता का संदेश दिया।

इस अवसर आरेडिका के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी अनिल कुमार यादव, सहायक कार्मिक अधिकारी दीपक कुमार, जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक वित्त सलाहकार सुर्हिता खान, एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता आदित्य प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

7/11/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी